Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Mahto Shri Tek Lal

an>

Title: Need to provide employment to the people displaced by BCCL, Dhanbad.

श्री टेक लाल महतो :सभापति महोदय, सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृट करते हुए कहना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी बी.सी.सी.एल. के धनबाद जिला स्थित ब्लाक-2 क्षेत्र के बेनीडीह-1 और 2 के बीस स्वीकृत नियोजन सहित 1253 विस्थापितों को, जिनमें कुछ व्यक्तियों की मैडीकल जांच एवं नियुक्ति पत्र निर्गत करने के बाद भी पूर्व समझौते के तहत घर जमीन के बदले नियोजन नहीं दिया गया है, जबकि अभी भी इन विस्थापितों की जमीन से कोयला उत्खनन किया जा रहा है। बाध्य होकर वहां के विस्थापित अपने नियोजन के लिए ब्लाक 2 परियोजना में लगभग दो महीने से सपरिवार धरने पर बैठे हैं, परन्तु अभी तक इन विस्थापितों की ओर बी.सी.सी.एल. एवं सी.आई.एल. का ध्यान नहीं गया है। ि वस्थापित दाने-दाने को मोहताज हैं, एवं भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। वहां विस्थापितों का आन्दोलन कभी भी उग्र रूप धारण कर सकता है, जिसके कारण वहां कानून व्यवस्था की स्तिति बिगड़ सकती है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा आग्रह है कि बेनीडीह-1 एवं दो के विस्थापितों को पूर्व पैकेज डील के तहत नियोजन यथाशीघ्र दिलाया जाये।